www.muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा

न्यूनतम 21 °c अधिकतम 30 °c

सूर्योदय : 6:15
सूर्यास्त : 5:58

वर्ष : 50/ अंक : 277 | शुक्रवार, 7 अक्टूबर 2022 | अश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

**आज की अमृतवाणी**

अपने को परिस्थितियों का गुलाम कभी न समझो। तुम स्वयं अपने भाग्य के विधाता हो।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है.....**

चुनाव में अखिलेश और जयंत की मदद करूंगा : सत्यपाल मलिक



जवानी की कहानी को बुढ़ापा सुन ही लेता है... बुढ़ापे की कहानी को जवानी सुन नहीं पाती......


## मुजफ्फरनगर बुलेटिन के 50 वर्ष पूर्ण होने एवं रंगीन संस्करण की हार्दिक शुभकामनाएं

# वसुन्धरा स्मार्ट सिटी

एक हरे-भरे वातावरण के बीच स्मार्ट रहन-सहन



**Plots**

**Duplex**

**Villa**



**विशेषताएं :-**

- शहर के बीच स्थित एवं रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैण्ड से मात्र 5 मिनट की दूरी पर।
- सुरक्षित चार दीवारी सहित डबल गेट एंट्री।
- 24 घण्टे सुरक्षा व्यवस्था।
- चौड़ी सड़कें व खुले पार्क।
- शॉपिंग काम्पलेक्स।
- अध्यात्मिक शान्ति के लिए परिसर में पूजा स्थल।
- स्वीमिंग पूल, जिमनेजियम, बैडमिन्टन, बास्केटबॉल, टेबिल टेनिस, बिलियर्ड आदि सुविधाओं से युक्त।

Developed by :-

## Vasundhara Infra Build Pvt. Ltd.

**Vasundhara Residency Muzaffarnagar**

Site : Maharaja Agairsain Marg (Rajwaha Road) Muzaffarnagar

Contact No. :- 8937888888, 9837288848, 9027241062

www.muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in

# मुजफ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा

शुक्रवार, 07 अक्टूबर 2022

### यूपी को 15 नवंबर तक करें गड्ढामुक्त : योगी



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 नवंबर तक प्रदेश की सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बृहस्पतिवार को अपने आवास पर इंडियन रोड कांग्रेस के 81वें अधिवेशन की तैयारियों की समीक्षा के दौरान अफसरों को जल्द से जल्द सड़कों को गड्ढामुक्त करने का अभियान शुरू करने का निर्देश दिया है। योगी ने कहा कि गांव हो या शहर, अच्छी सड़क प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है। बेहतर कनेक्टिविटी किसी भी प्रदेश की प्रगति का बड़ा माध्यम होती है। बीते पांच वर्ष में सरकार ने इस दिशा में फोकस किया है, लेकिन समय-समय पर इनकी मरम्मत होनी चाहिए। बरसात का मौसम अंतिम चरण में है। ऐसे में सड़कों की मरम्मत और गड्ढामुक्ति का कार्य किया जा सकता है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी, नगर विकास, सिंचाई, आवास एवं शहरी नियोजन, ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, गन्ना विकास विभाग, औद्योगिक विकास विभाग सहित सड़क निर्माण से जुड़े सभी विभागों को इसकी व्यापक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

# भाकियू को विपक्ष का सहारा, भाजपा ने किया किनारा

## सिसौली की ड्योढ़ी पर हाजरी भरने नहीं पहुंचे भाजपा के नेता विपक्षी नेताओं और विधायकों के साथ भाकियू की गलबहियां

**मुजफ्फरनगर, 6 अक्टूबर (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन के रंग और ढंग बदल रहे हैं। पिछले किसान आंदोलन के बाद से सरकार विरोधी तेवर दिखा रही भाकियू के मंच पर आज विपक्षी नेताओं का जमावड़ा रहा और सत्ता पक्ष ने इस मंच से पूरी तरह दूरी बना ली। हालांकि उन्होंने अलग से कार्यक्रम किया। आज के आयोजन से साफ हो गया है कि किसानों के मुद्दों को लेकर भाकियू विपक्ष की भूमिका में ही रहेगी। दिल्ली के किसान आंदोलन के बाद से भाकियू के जो तेवर रहे हैं, उसके बाद से विपक्षी राजनीतिक दलों का भाकियू प्रेम उमड़ना अस्वाभाविक नहीं है। पिछले चुनावों में भी भाकियू अराजनीतिक चेहरे के साथ विपक्षी राजनीति को साधने और सत्तारुढ दल को कोसने का मंच बनी रही। स्थानीय स्तर पर ही नहीं देश के तमाम इलाकों में भाकियू नेता राकेश टिकैत ने कुछ इसी तरह की भूमिका अपनाई। इसमें चाहे पश्चिम बंगाल का चुनाव हो या फिर कोई अन्य मुद्दा हो। सरकार भाकियू के निशाने पर रही है। एक समय राम का नाम लेकर वोट डालने की अपील कर भाजपा को समर्थन देने और इसके बाद भाजपा नेताओं के साथ लगातार गल बहियां करने वाली भाकियू अब यूपी में सपा-रालोद गठबंधन के फेर



में जा चुकी है। भाजपा के विधायक रहते उमेश मलिक से दुर्व्यवहार और भाकियू की ओर से भाजपा नेताओं को गांवों में ना घुसने देने की अपीलें, उसकी राजनीतिक पसंद और नापसंद को जाहिर करती रही हैं। भाजपा द्वारा केंद्र में बालियान खाप के डॉ.संजीव बालियान को मंत्री और पार्टी में तमाम जाट नेताओं को जिम्मेदार पदों पर बैठाने के बावजूद जाट राजनीति को प्रभावित करने वाली भाकियू की पसंद अब रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी हैं। यह अलग बात है कि इस गठबंधन को सपोर्ट देने के बावजूद भाकियू एकाध जिले को छोड़ कही सपा-रालोद गठबंधन की राजनीतिक मदद नहीं कर पाई। शायद यही वजह है कि सत्तारुढ़ भाजपा ने उससे दूरी बना ली है। इसका साफ संकेत पिछले कई आयोजनों से मिलता रहा है। इसके बाद भाकियू के समानांतर भाकियू अराजनीतिक संगठन खड़ा करने की कसरत के बीच इस बार भाजपा नेताओं ने जिले में रहते हुए भी जिस तरह इस आयोजन से दूरी बनाए रखी, उससे साफ है कि भाजपा हाईकमान अब भाकियू के मोह से निकल चुकी है। इसकी भरपाई के लिए वह समानांतर जाट लीडरशिप तैयार करने में जुटी है।

भाजपा में प्रदेश अध्यक्ष की कमान जाट क्षत्रप को देना। उपराष्ट्रपति पद पर जाट नेता को पदारुढ करना। इसके साथ ही तमाम इलाकों में जाट नेताओं के साथ दूसरे किसान नेताओं को बढ़ावा देर पार्टी किसान आंदोलन के दौरान हुए नुकसान की भरपाई पर जुटी है और साथ ही लग रहा है कि विपक्ष के साथ मिलकर आगामी लोकसभा चुनाव से पूर्व भाकियू और किसान संगठनों की संभावित रणनीति को लेकर भी तैयारी में जुटी है। ऐसे में केंद्र से लेकर राज्यों तक जहां भाजपा की सरकार है, वहां किसानों के मुद्दों को लेकर भाजपा काफी संवेदनशील नजर आ रही है। ऐसे में भाजपा का एक पैंतरा भाकियू और किसान संगठनों को विपक्ष की बी टीम साबित करना भी होगा।



## बाबा टिकैत की जयंती पर किसान हितों के लिए लंबी लड़ाई का संकल्प

### रालोद प्रमुख जयंत चौधरी, आप सांसद संजय सिंह और अजय चौटाला ने किसान नेता टिकैत की समाधि पर पहुंचकर किया नमन

सिसौली, 6 अक्टूबर (बु.)। किसानों के मसीहा रहे चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत को 87वीं जयंती पर नमन करते हुए किसानों के हितों के लिए सड़क से संसद तक लड़ाई की हुंकार भरी गई। इस दौरान किसान भवन में ताऊ देवीलाल की स्मृति में लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया। साथ ही बड़ी संख्या में किसानों ने रक्तदान कर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वाह किया।

भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक और किसान नेता चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाई गई। किसान भवन में स्थित चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की समाधि के निकट हवन-पूजन किया गया। यूपी समेत कई राज्यों से आए किसानों और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने बाबा टिकैत के समाधि स्थल पहुंचकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद जयंत चौधरी, आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह हरियाणा की प्रमुख पार्टी जननायक जनता पार्टी के अजय चौटाला, बुढ़ाना के विधायक राजपाल सिंह बालियान, पुरकाजी विधायक अनिल कुमार, मीरापुर विधायक चंदन चौहान, चरथावल विधायक पंकज मलिक, शामली विधायक प्रसन्न चौधरी और थानाभवन विधायक अशरफ अली खान आदि ने बाबा महेंद्र सिंह टिकैत को याद कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इन नेताओं ने भाकियू प्रमुख नरेश टिकैत, प्रवक्ता राकेश टिकैत के साथ किसानों के मुद्दों पर चर्चा कर किसान हितों के लिए होने वाली लड़ाई में सहयोग का भरोसा दिलाया। ठाकुर जगत सिंह की अध्यक्षता और ओमपाल मलिक के संचालन में हुई पंचायत में पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक, राजपाल सैनी, पूर्व मंत्री धर्मबीर बालियान, सर्व खाप मंत्री सुभाष बालियान, बाबा श्याम सिंह थांबा बहावड़ी, गौरव टिकैत, हर्ष चहल, अनुराग चौधरी आदि इस दौरान प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इससे पूर्व स्कूल ऑफ नेशन फाउंडेशन मेरठ के बच्चों ने चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की जन्मदिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। सांस्कृतिक प्रोग्राम की डायरेक्टर मनीषा अहलावत, शिवानी केम, अनुराग पुनिया आदि ने बच्चों को प्रेरित कर सहयोग दिया।

### किसान याद रखें दिल्ली में 13 माह का संघर्षः जयंत चौधरी

सिसौली। रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने कहा कि बाबा टिकैत सादगी के प्रतीक थे और उन्होंने किसानों के लिए लम्बा संघर्ष किया है। हमारे बुजुर्गों ने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा बाबा टिकैत के साथ संघर्ष में बिताया। बाबा टिकैत की यादें आज भी किसानों के जहन में है, क्योंकि उन्होंने ही किसानों को अपने हितों के लिए संघर्ष का रास्ता सिखाया। उन्होंने कहा कि किसान चेतना का अब नया दौर शुरू हो गया है। कोई भी सरकार अब किसानों को नहीं दबा पायेगी। 13 माह तक दिल्ली में चले आंदोलन से यह संदेश गया है, लेकिन किसानों को यह याद रखना होगा कि अभी लड़ाई बाकी है।

### किसानों के हितों से नहीं होगा कोई समझौताः राकेश टिकैत

सिसौली। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों के मसीहा महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती को किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया हैं। उन्होंने बताया कि महात्मा टिकैत का समाधि स्थल प्रेरणा स्थल है। टिकैत ने सदा किसानों के हितों के लिए संघर्ष किया। उनके बताये रास्तों पर ही भाकियू किसानों की लड़ाई लड़ रही है। 13 माह का आन्दोलन इसी का हिस्सा था। सरकार अपने वादे पर खरा नहीं उतरी है। जो वादे किये गये थे, वो पूरे नहीं हुए हैं। किसान नये सिरे से आंदोलन की योजना बना रहा है। देशभर के किसानों को एकजुट कर निर्णायक लड़ाई लड़ी जायेगी।





### लाइब्रेरी के विस्तार को सांसद निधि देंगे रकमः संजय सिंह

सिसौली। आप आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा कि किसानों की लड़ाई अभी अधूरी है। 13 माह के आंदोलन के बाद सरकार ने राकेश टिकैत से जो वादे किए थे, वो पूरे नहीं हो पाए हैं। एमएसपी के मुद्दे पर कोई बात आगे नहीं बढ़ी है। बड़े दुर्भाग्य की बात है कि देश में हर किसी को सामान की कीमत करने का अधिकार है, लेकिन अन्नदाता की फसल के दाम केंद्र सरकार करती हैं। उन्होंने कहा कि आप पार्टी किसान संगठनों के साथ है। उन्होंने कहा कि किसान भवन में शुरू हुई लाइब्रेरी के विकास के लिए वो अपनी सांसद निधि से धन उपलब्ध करायेंगे। इस बारे में उनकी राकेश टिकैत से बात हो गई हैं।

### प्रियंका ने दिया संदेश



सिसौली। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी ने भी किसान नेता महेन्द्र सिंह टिकैत की जयंती पर अपना संदेश भेजा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा, कमल मित्तल और धीरज माहेश्वरी ने भी बाबा की समाधि पर पहुंच श्रद्धांजलि दी।





## सरकारी स्कूल में छात्रा से गैंगरेप

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर (वार्ता)। दिल्ली महिला आयोग ने एक सरकारी स्कूल के परिसर में 11 साल की छात्रा के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दिल्ली पुलिस और संबंधित स्कूल के प्रिंसिपल को नोटिस जारी किया है। आयोग ने दिल्ली पुलिस और स्कूल के प्रिंसिपल से कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने दिल्ली पुलिस से मामले में की गई एफआईआर की प्रति और गिरफ्तारी की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है। आयोग ने दिल्ली पुलिस और स्कूल से कथित रूप से पुलिस को मामले की रिपोर्ट नहीं करने पर स्कूल के शिक्षक व किसी अन्य स्टाफ के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी देने को भी कहा है। आयोग ने स्कूल के प्रिंसिपल से यह बताने को कहा है कि स्कूल अधिकारियों को इस मामले के बारे में कब पता चला और उनकी ओर से क्या कार्रवाई की गई। आयोग ने स्कूल से मामले में की गई जांच रिपोर्ट की एक प्रति प्रस्तुत करने को भी कहा है। आयोग के अनुसार 11 साल की छात्रा ने आरोप लगाया है कि गत जुलाई महीने के दौरान वह स्कूल में अपनी कक्षा में जा रही थी, तभी वह दो लड़कों से टकरा गई। उसने लड़कों से माफी मांगी, लेकिन वे उसे गाली देने लगे और उसे शौचालय के अंदर ले गए। लड़कों ने शौचालय का दरवाजा अंदर से बंद कर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने जब एक शिक्षक को घटना की जानकारी दी तो उसे बताया गया कि लड़कों को स्कूल से निकाल दिया गया है और मामले को कथित तौर पर दबाने की कोशिश की गई।

## बाबा टिकैत ने सदैव किसानों के हितों के लिए किया कामः संजीव



मुजफ्फरनगर, 06 अक्टूबर (बु.)। केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान के एटूजेड कालोनी स्थित आवास पर किसान मसीहा व भाकियू के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 87वीं जयंती मनाई गयी। इस दौरान किसान मसीहा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने कहा कि चौधरी टिकैत ने सदैव किसानों के हितों के लिए काम किया है। किसानों की समस्या समाधान के लिए उनके प्रयास एवं संघर्ष को कभी भुलाया नहीं जा सकता। स्वर्गीय टिकैत को याद करते हुए पूर्व विधायक उमेश मलिक, राजू अहलावत एवं अशोक बालियान ने उनसे जुड़े अपने अनेक स्मरण सुनाएं और उनको महान किसान नेता बताया। उन्होंने कहा कि वें खुद को सौभाग्यशाली मानते हैं कि बाबा महेंद्र सिंह टिकैत समेत देश के अनेकों किसान नेताओं से बातचीत करने और किसानों के मुद्दों पर वर्षों से लिखने का अवसर मिलता रहा हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुभाष चौधरी, राजमोहन, हर्षित बालियान, पुनीत वशिष्ठ, कुशपुरी व कपिल चौधरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## छात्र का शव आम के पेड़ पर लटका मिला

बुढ़ाना, 6 अक्टूबर (बु.)। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव मदीनपुर खिजरपुर और गांव शाहडब्बर के बीच गांव शाहडब्बर निवासी रामकुमार राठी के खेत में खड़े एक आम के पेड़ पर गुरुवार की दोपहर एक युवक का शव झूलता हुआ घास काटने आयी चैकीदार कंवरपाल की पत्नी ने देखा। यह बात उसने अपने चैकीदार पति को बताई तो उसने इसकी खबर उमरपुर पुलिस चौकी प्रभारी संजय यादव को की। पुलिस में हड़कंप मच गया और घटनास्थल की और दौड़ लगा दी। तब बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवेंद्र सिंह यादव, एसएसआई शैलेन्द्र सिंह व सीओ विनय गौतम दल बल सहित मौके पर आ गये और शव की शिनाख्त की। मालूम हुआ कि मृतक जनपद बागपत के गांव धनौरा थाना दोघट का निवासी निगम वेदवान पुत्र गजेंद्र उर्फ पप्पू है। तब पुलिस ने इसकी सूचना परिजनों को दी। मौके पर परिजन आ गये, तब वहां पर चीख पुकार मच गई। पुलिस ने परिजनों को सांत्वना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर आए मृतक के चचेरे भाई अंकुर पुत्र विनोद ने बताया कि मृतक निगम की उम्र लगभग 25 साल है। वह बीती 4 अक्टूबर को घर से बीपीएड की परीक्षा देने के उद्देश्य से हरियाणा प्रदेश के जनपद करनाल के लिए निकला था। मृतक की जेब से मुजफ्फरनगर की बस का भी टिकट निकला है। मृतक के गले पर हल्के से निशान भी हैं। उधर दूसरी ओर चर्चा है कि मृतक ने फांसी लगाने से पहले परिजनों को अपने मोबाइल से मैसेज किया कि वह आत्महत्या कर रहा है। उसकी लाश को मदीनपुर खिजरपुर गांव और शाहडब्बर गांव के बीच में स्थित आम के पेड़ से उतारकर ले जाना। आत्महत्या क्यों की इस कारण का कुछ पता नहीं लग पाया है। बताया जाता है कि मृतक का एक बड़ा भाई हिमांशु है, जिसकी शादी हो चुकी है।

### मुलायम की हालत नाजुक

गुरुग्राम। यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की तबीयत स्थिर है। गुरुवार दोपहर को जारी उनके हैल्थ बुलेटिन के अनुसार, वह आईसीयू में वेंटिलेटर पर हैं और उन्हें जीवनरक्षक दवाएं दी जा रही हैं। यूपी के सीएम अखिलेश और परिवार के तमाम लोग अस्पताल में मौजूद हैं। एक समर्थक अस्पताल पहुंचा और नेताजी के बारे में बात करते हुए रोने लगा।

### भाजपा के विधायक की गाड़ी ने तोड़ा टोल, कर्मचारियों को पीटा

अलीगढ़ भदोही में भाजपा सांसद के समर्थकों की दबंगई के बाद अब अलीगढ़ में भाजपा विधायक ठाकुर रवींद्र पाल सिंह के समर्थकों ने न सिर्फ टोल तोड़ दिया बल्कि वहां मौजूद कर्मचारियों से मारपीट भी की। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। घटना दिल्ली जीटी रोड स्थित गभाना टोल प्लाजा पर बुधवार रात हुई। पुलिस मामले की जांच की बात कह रही है। इससे पहले भदोही में भाजपा सांसद के समर्थकों ने टोल का बैरियर गिरने पर कर्मचारियों के साथ मारपीट की थी।

### राहुल ने सोनिया गांधी के जूते का फीता बांधा

मांड्या। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी गुरुवार को जब 'भारत जोड़ो यात्रा' में शामिल हो अपने पुत्र राहुल गांधी के साथ करीब एक किलोमीटर तक पैदल चलीं तो इस दौरान कई बार मां और बेटे के प्रेम की झलक देखने को मिली। पदयात्रा के दौरान जब राहुल गांधी को यह पता चला कि उनकी मां के जूते का फीता खुल गया है तो उन्होंने तत्काल झुककर इसे बांधा।

### इतना तो पत्नी ने भी नहीं डांटाः अरविन्द केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की चिट्ठियों को लेकर चुटकी ली है। उन्होंने कहा कि एलजी साहिब रोज मुझे जितना डांटते हैं, उतना तो मेरी पत्नी भी मुझे नहीं डांटतीं।

### फिर टूटा रुपया, डॉलर के मुकाबले 32 पैसे गिरा

नई दिल्ली। कच्चे तेल की कीमतों में मजबूती से पैदा हुए भारी उतार-चढ़ाव के बीच बृहस्पतिवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 32 पैसे गिरकर 81.94 के ऑल टाइम लो पर आ गया।

### हरियाणा के कफ सिरप ने ली 66 बच्चों की जान

चंडीगढ़। हरियाणा की एक दवा कंपनी की सर्दी-खांसी के सिरप पीने से पश्चिमी अफ्रीकी देश गांबिया में 66 बच्चों की मौत के मामले में सिरप के सैंपल ले लिए हैं और उनको जांच के लिए कोलकाता स्थित केंद्रीय ड्रग लैबोरेटरी में भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद अगर कुछ गलत हुआ होगा तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने दी।

### फ्रांसीसी लेखिका एनी एर्नॉक्स ने जीता अवॉर्ड

स्टॉकहोम। इस साल साहित्य के नोबेल पुरस्कार का ऐलान हो गया है। साहित्य में फ्रांसीसी लेखिका एनी एर्नाँक्स को साल 2022 का नोबेल पुरस्कार दिया गया है। एनी एर्नाँक्स का जन्म साल 1940 में हुआ था और वे नॉरमैंडी के छोटे से शहर यवेटोट में पली-बढ़ीं।

### देवबंद में 30 अक्तूबर को होगा मदरसों का इजलास

सहारनपुर। मदरसों की समस्याओं के समाधान और शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिए दारुल उलूम में मदरसों के सबसे बड़े संगठन कुलहिंद राब्ता मदारिस-ए-इस्लामिया का सम्मेलन 30 अक्तूबर को आयोजित होगा।

### अमेरिका के कैलिफोर्निया में पंजाबी परिवार की हत्या

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर (वार्ता)। अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में चार सदस्यों वाले भारतीय मूल के एक परिवार का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी गई। इनमें एक आठ माह की बच्ची भी शामिल है। परिवार का अपहरण सोमवार को कैलिफोर्निया के मर्सिड काउंटी स्थित सेंट्रल वैली से किया गया। परिवार की पहचान आठ महीने की आरोही, 27 वर्षीय जसलीन कौर (मां), 36 वर्षीय जसदीप सिंह (पिता) और 39 वर्षीय अमनदीप सिंह (चाचा) के रूप में हुई है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कैलिफोर्निया में पंजाबी परिवार के कत्ल की जांच के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की फेडरल सरकार पर दबाव बनाने के लिए केंद्रीय विदेश मंत्री से दखल देने की मांग की है। गुरुवार को जारी बयान में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत ही निंदनीय घटना है, जिसने विश्व भर में बसते पंजाबियों को झकझोर दिया है।

## ट्रक से टकराई गाड़ी, दो लोगों की मौत

**मुजफ्फरनगर, 6 अक्टूबर (बु.)।** सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक से तेज गति से आ रही बोलेरो गाड़ी टकरा गयी, जिसके चलते बोलेरो में सवार दो युवकों की मौत हो गयी। मृतक के पिता ने इस मामले में पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अलीगढ़ जनपद के ग्राम चंढोस निवासी हनीफ पुत्र राजुदीन बोलेरो पिकअप चलाने का कार्य करता था। बुधवार की रात्रि वह अलीगढ़ से माल लेकर हरिद्वारा के ज्वालापुर जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह मंसूरपुर थाना क्षेत्र के शिव ढाबे के पास पहुंचा, तो इस ढाबे पर गलत तरीके से खड़े एक ट्रक संख्या यूपी 92टी-8851 में जा टकराया, जिसके चलते हनीफ व उसके साथ बोलेरो में सवार नफीस पुत्र सत्तार निवासी सुदेशपुर गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना मिलने पर मंसूरपुर पुलिस मौके पर पहुंच गयी और घायलों को उपचार के लिए बेगराजपुर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मृतकों के परिजन भी मौके पर पहुंच गये। इस मामले में मृतक हनीफ के पिता राजूदीन ने पुलिसको तहरीर दी है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि ट्रक चालक ने गैर कानूनी तरीके से ट्रक को सड़क पर खड़ा किया हुआ था और उसके पार्किंग की लाईटें भी नहीं जलाई हुई थी। अंधेरा होने के कारण उसका पुत्र ट्रक को नहीं देख पाया और उसकी गाड़ी इस ट्रक से टकरा गयी। ट्रक चालक की लापरवाही के चलते उसके पुत्र व उसके साथी की मौत हुई है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने जताया मंत्री कपिलदेव का आभार

मुजफ्फरनगर, 6 अक्टूबर (बु.)। मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने गुरूवार को मंत्री कपिल देव का आभार व्यक्त किया।

**उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी का कार्यक्रम सुनिश्चित कराने में मंत्री कपिलदेव का रहा योगदान**



बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ मंत्री कपिलदेव के आवास गांधी नगर पहुंचे और मंत्री कपिलदेव को बुके भेंट कर उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वास्तव में उन्होंने मुजफ्फरनगर बैठे-बैठे उपमुख्यमंत्री का कार्यक्रम मुजफ्फरनगर बुलेटिन के स्वर्ण जयंती के कार्यक्रम एवं रंगीन संस्करण हेतु लिया, वह प्रशंसनीय है और वह उनके द्वारा निभाई गई इस जिम्मेदारी का आभार व्यक्त करते हैं।

## विवाहिता ने लगाई फांसी

खतौली, 6 अक्टूबर (बु.)। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव दाहौड में एक विवाहिता महिला द्वारा अपने मकान में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त किये जाने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की घटना स्थल पर भीड़ इकट्ठा हो गयी। इसी दौरान घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण कर मृतका के परिजनों से घटना के सम्बन्ध में पूछताछ की। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को नीचे उतारकर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया। मृतका का नाम रजनी बताया गया। विवाहिता की मौत का कारण घरेलू क्लेह होने की चर्चा सुनाई पड़ रही है।

### 4.54 लाख के मोबाइल और नकदी लेकर फरार

**मुजफ्फरनगर, 6 अक्टूबर (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के भरतिया कॉलोनी निवासी अनुज गोयल ने सिविल लाइन थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी सदर बाजार में मोबाइल की दुकान है। सदर बाजार में ही गांधी कॉलोनी निवासी एक युवक मोबाइल की दुकान करता है। बीती दो अक्टूबर को उक्त दुकानदार उसकी दुकान पर आया और 90 हजार रुपये का मोबाइल 3 अक्टूबर को रुपये देने का वायदा कर ले गया। आरोप है कि कई दिन बीतने के बाद भी उसने रुपये वापस नहीं किए। पीड़ित का कहना है कि उक्त दुकानदार आधा दर्जन से अधिक दुकानदारों से महंगे मोबाइल और रुपये ले चुका है। आरोपित दुकानदारों से लगभग 4.54 लाख के मोबाइल और नकदी लेकर फरार हो गया है। रुपये वापस मांगने पर वह धमकी दे रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक- अंकुर दुआ

डिप्टी -सम्पादिका -श्रीमति पूजा दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

विज्ञापन- 9368549219 (फै.) 7983359929,

सम्पादक- 9412210257

e-mail :

muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in

muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

### आज 5 गांव समेत औद्योगिक क्षेत्र की आपूर्ति रहेगी बंद

मुजफ्फरनगर, 06 अक्टूबर (बु.)। शुक्रवार को पांच गांव समेत औद्योगिक क्षेत्र की आपूर्ति विभाग द्वारा एक्सएलपीई केबिल डालने का कार्य किए जाने के कारण करीब दस घंटे तक पूरी तरह आपूर्ति बंद रहेगी। इसके चलते 132 केवी प्राथमिक उपकेन्द्र जौली से निर्मत 33केवी औद्योगिक पोषक 1 पर 33केवी ओवरहैड एक्सएलपीई केबिल डालने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके कारण शुक्रवार को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र मखियाली से आपूर्ति पूरी तरह ठप्प रहेगी।

### सिविल लाईन थाने से 50 मीटर की दूरी पर दो वाहनों की दुर्घटना में जमकर हाथापाई

मुजफ्फरनगर, ६ अक्टूबर (बु.)। सिविल लाईन थाने से ५० मीटर दूरी पर दो दुपहिया वाहनों की टक्कर लग जाने के बाद जमकर हाथापाई हुई। हाथापाई के बाद मौके पर ही सैंकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। भीड़ ने हाथापाई कर रहे दोनों पक्षों को समझाने बुझाने का प्रयास किया, मगर दोनों पक्ष पूरे जोश में थे। पूरा मामला जब पता लगा, तो मौके पर पत्रकार भी पहुंचे तो दो पक्षों में से एक पक्ष पत्रकारों से हाथापाई करने तक को तैयार हो गया और मोबाइल भी नीचे गिरा दिया। जब इतनी दबंगता दिखाने वालों का पता किया गया, तो बताया गया कि टक्कर लगने वालों में उक्त वाहन एक महिला दरोगा का है, इसलिए इतनी दबंगता दिखाई जा रही है। देर रात तक दोनों पक्षों ने बहसा-बहसी चलती रही। समाचार लिखे जाने तक किसी पक्ष की ओर से भी मुकदमा नहीं लिखा गया था। बाद में इस मामले को लेकर दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

### फर्जी कागजों पर भर्ती होने आये दो युवक भेजे जेल

**मुजफ्फरनगर, 6 अक्टूबर (बु.)।** फर्जी कागजों पर अग्निवीर भर्ती होने के लिए आये दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। पुलिस ने दोनों युवकों को आर्मी इंटेलीजेंस की सूचना पर गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से फर्जी दस्तावेज भी बरामद किये थे।

सिविल लाइन थाने के उपनिरीक्षक विनोद कुमार अत्री ने सिविल लाइन थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह क्षेत्र में चैकिंग के लिए गश्त कर रहे थे, तो उन्हें सूचना मिली कि अग्निवीर सेना में कुछ युवक जो ओवरएज हो चुके हैं और दौड़ में भी फेल हो चुके हैं, वह अपने एडमिट कार्ड व अन्य डोकोमैन्ट्स फर्जी दलालों के माध्यम से तैयार कराकर बार-बार भर्ती होने का प्रयास कर रहे हैं। सूचना के आधार पर कमल सिंह पुत्र बिशम्बर दयाल निवासी ग्राम ढकरौली थाना खानपुर जनपद बुलन्दशहर, महकार सिंह पुत्र तुल्लाराम निवासी वेदव्यासपुरी मेरठ, रविन कुमार पुत्र सोहनपाल सिंह निवासी अकबरपुर बुलन्दशहर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से फर्जी दस्तावेज भी बरामद किये हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471, 120बी, 34 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

### निमार्णाधीन मकान से लाखों रुपये का सामान चोरी

**मुजफ्फरनगर, 6 अक्टूबर (बु.)।** चरथावल के मौहल्ला बाजारखुर्द निवासी हितेश कुमार जैन ने नई मंडी थाने में पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि उसका सुरेन्द्र नगर आवासीय कॉलौनी में एक मकान बन रहा है, जिसमें से रात्रि में अज्ञात चोरों ने घुसकर वहां रखा सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने बताया कि उसके निमार्णाधीन मकान से पहले भी कई बार चोरी हो चुकी है, जिसके कारण चोरों के हौंसले बुलन्द हैं और वह कॉलोनी में लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पीड़ित के अनुसार उसके मकान से गैस सिलेंडर, फैन्सी लाइट, कीमती बिजली की तार, टेबिल फेन, हैवी केबिल तार, कारपेन्टर की मशीन, पत्थर लगाने वाले की मशीन व अन्य कीमती सामान चोरी हुआ है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना से सुरेन्द्रनगर के निवासियों में दहशत का माहौल व्याप्त है।

## पत्नी ने रचाया दूसरा विवाह, पति को दिया जहर, हालत गम्भीर

**मुजफ्फरनगर, 6 अक्टूबर (बु.)।** एक विवाहिता ने प्रेम-प्रसंग के चलते घर से भागकर अपने प्रेमी से दूसरा विवाह रचा लिया, जबकि पहले पति से भी तलाक नहीं लिया है। पत्नी को ढूंढने पहुंचे पति को विवाहिता ने अपने प्रेमी व सहेली के साथ मिलकर जमकर पीटा और उसे जबरदस्ती जहर दे दिया। किसी तरह पति ने अपने परिजनों को सूचना दी, जिस पर परिजनों ने पति को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया, परन्तु उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे हायर सैन्टर के लिए रैफर कर दिया है। इस मामले में परिजन विवाहिता, उसके प्रेमी व सहेली के खिलाफ पुलिस में तहरीर देने की तैयारी कर रहे हैं।

शहर कोतवाली क्षेत्र के एक युवक की पत्नी की दोस्ती सुभाषनगर निवासी एक महिला के साथ थी। बताया जाता है कि युवक की पत्नी अपनी सहेली से मिलने जाने की बात कहकर घर से गयी थी, परन्तु जब वह वापिस नहीं लौटी, तो उसके पति ने अपनी पत्नी की तलाश शुरू की। युवक जब अपनी पत्नी को तलाश करने के लिए सुभाषनगर में उसकी सहेली के घर पहुंचा, तो सहेली ने बताया कि उसकी पत्नी ने दूसरी शादी कर ली। सहेली की बात सुनकर युवक के पांव तले की जमीन निकल गयी। युवक ने उसकी सहेली से पत्नी को मिलाने के लिए कहा।

आरोप है कि पत्नी की सहेली ने फोन कर उसकी पत्नी को बुला लिया और उसकी पत्नी अपने प्रेमी के साथ वहां पहुंची। युवक ने पत्नी से शादी करने का कारण पूछा, तो पत्नी ने अपने प्रेमी व सहेली के साथ मिलकर युवक के साथ मारपीट कर दी और उसे जबरदस्ती जहरीले पदार्थ का सेवन भी करा दिया। युवक की हालत गंभीर हो गयी। युवक ने किसी तरह अपने परिजनों को सूचना दी, जिस पर उसके परिजन वहां पहुंच गये और युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। युवक की नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेन्टर के लिए रैफर कर दिया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। मामले की जानकारी पुलिस को देने के बाद इसका खुलासा होने की सम्भावना जताई जा रही है।



1973-2022

सम्पादक की कलम से

# गुजरात और केजरीवाल

गुजरात विधानसभा चुनाव को लेकर अरविन्द केजरीवाल तरह-तरह के बयान दे रहे हैं, उनके बयानों पर लोग उनकी खिंचाई भी कर रहे हैं, मगर खिंचाई का उन पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। लोग यहाँ तक कह रहे हैं कि जिस आदमी को उसी की रैली में थप्पड़ पड़े हों, उसके लिए स्वाभिमान जैसी कोई बात नहीं है, खिंचाई का वहाँ कोई असर नहीं पड़ता। दिल्ली और पंजाब में सरकार बनाने के बाद आम आदमी पार्टी की नजर अब गुजरात पर है। आम आदमी पार्टी राज्य में सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पहली बार गुजरात में इतने दमखम से उतरी आप ने कई सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान भी कर दिया है। अरविंद केजरीवाल खुद भी लगातार गुजरात के दौरे कर रहे हैं। उनका दावा है कि इस बार गुजरात का चुनाव भाजपा बनाम आप होने जा रहा है। मनीष सिसौदिया और भगवंत मान भी गुजरात के दौरे पर गए थे। इससे पहले केजरीवाल ने उपराज्यपाल और बीजेपी पर पलटवार करते हुए कहा था, गुजरात को आप की फ्री बिजली गारंटी खूब पसंद आ रही है, इसलिए बीजेपी दिल्ली में फ्री बिजली रोकना चाहती है। दिल्ली के लोगों, भरोसा रखना। मैं आपकी फ्री बिजली किसी हालत में रुकने नहीं दूंगा। गुजरात के लोगों, आपको विश्वास दिलाता हूं कि सरकार बनने पर 1 मार्च से आपकी भी बिजली फ्री होगी। गुजरात में विधानसभा चुनाव अगले महीने हो सकते हैं, लेकिन चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के बीच बयानबाजी बढ़ गई है। गुजरात में इस बार आम आदमी पार्टी ने दावा किया है कि आईबी की एक रिपोर्ट आई है, जिसमें आम आदमी पार्टी की सरकार बन रही है। केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी चाहती है कि कांग्रेस मजबूत हो, ताकि एंटी बीजेपी वोट बंटे। केजरीवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, सूत्रों के मुताबिक आईबी की एक रिपोर्ट आई है। उसमें यह बताया गया है कि अगर अभी चुनाव होते हैं तो गुजरात में आम आदमी पार्टी की सरकार बन रही है, हालांकि सरकार अभी थिन मार्जिन से बन रही है, सीटों का अंतर बहुत कम रहेगा। अब गुजरात के लोगों को और धक्का लगाना होगा, ताकि बड़े बहुमत के साथ आम आदमी पार्टी की सरकार बनें। केजरीवाल ने गुजरात विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर तंज कसा है। आम आदमी पार्टी संयोजक ने गुजरात चुनाव को लेकर कहा है कि भाजपा बहुत डरी हुई है। उन्होंने दावा किया कि इस डर की वजह से भाजपा हर जिले में बीजेपी के एक केंद्रीय मंत्री की ड्यूटी लगा रही है। केजरीवाल ने अपने ट्विटर अकाउंट पर लिखा, खबर है कि गुजरात के हर ज़िले में बीजेपी एक एक केंद्रीय मंत्री या किसी मुख्यमंत्री की ड्यूटी लगा रही है। बाप रे, इतना डर? ये डर आम आदमी पार्टी का नहीं है। ये डर गुजरात के लोगों का है, जो बीजेपी से बहुत नाराज थे और अब तेजी से आप का दामन थाम रहे हैं। दूसरी ओर बीजेपी सांसद परवेश साहिब सिंह वर्मा ने केजरीवाल के ट्वीट का जवाब देते हुए पलटवार किया। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, सुनने में आ रहा है कि दिल्ली का सीएम और पंजाब का सीएम, शराब मंत्री सिसौदिया सहित सब गुजरात की गलियों में जनता के पैर पकड़ते घूम रहे हैं। कई जगह तो सूत्रों ने बताया है कि भ्रष्टाचारी केजरीवाल और सिसौदिया ने नाक तक रगड़ी है, मगर गुजरात कि जनता तब भी आप को गुजरात के लिए पाप ही बता रही है। केजरीवाल ने आगे कहा, जब से यह रिपोर्ट आई है, तब से बीजेपी और कांग्रेस एक साथ सीक्रेट मीटिंग कर रही है और दोनों मिलकर हमें गाली दे रहे हैं। बीजेपी अब कांग्रेस को गाली नहीं दे रही है और कांग्रेस अब बीजेपी को गाली नहीं दे रही है। दोनों मिलकर हमें गाली दे रहे हैं और एक ही भाषा में गाली दे रहे हैं। केजरीवाल ने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा, भाजपा का पूरा प्रयास है कि कांग्रेस मजबूत हो, ताकि जो एंटी बीजेपी वोट है वह बंट जाए। कांग्रेस को आम आदमी पार्टी का वोट लेने की जिम्मेदारी मिली है। गुजरात की जनता सावधान रहे। कांग्रेस को वोट मत देना, क्योंकि कांग्रेस की 10 सीटें भी नहीं आ रही है। कांग्रेस को वोट देने का मतलब है बीजेपी को वोट देना, क्योंकि बाद में वही लोग बीजेपी में चले जाएंगे। केजरीवाल के बयान के बाद सोशल मीडिया यूजर भी मजे ले रहे हैं, केजरीवाल की जमकर खिल्ली उड़ा रहे हैं। एक ट्विटर यूजर ने लिखा, आईबी अब केजरीवाल को रिपोर्ट करती है और आप कहते है की ये किसी काम के नहीं हैं? इसी आईबी ने इन्हें यूपी चुनावों में भीषण जीत की भी सूचना दी थी। एक अन्य ट्विटर यूजर ने लिखा कि इसी आईबी ने केजरीवाल को उत्तराखंड में 56 सीट की सूचना दी थी। केजरीवाल के दावे पर एक ट्विटर यूजर ने उनसे पूछा कि आप तो उत्तराखण्ड भी जीत रहे थे, जबकि एक ट्विटर यूजर ने लिखा, केजरीवाल! आपका यह तिकड़म अब बहुत पुराना हो चुका है। लोग आप का मजाक उड़ाते हैं, इसलिए कुछ नया लाइए जिससे लोग विश्वास कर सकें। केजरीवाल ने 12 सितम्बर को गुजरात दौरे के दौरान जिस ऑटो ड्राइवर विक्रम दंतानी के घर खाना खाया था, उसने कहा कि उन्हें यूनियन द्वारा केजरीवाल को निमंत्रण देने के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा कि उन्होंने उनको डिनर कराया और घर भेज दिया। विक्रम दंतानी ने कहा कि मैं न आम आदमी पार्टी में हूं, न ही मुझे कुछ लेना देना है। विक्रम दंतानी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, हमारे ग्रुप में मैसेज आया और मुझे उन्हें खाने के लिए निमंत्रण देने के लिए कहा गया था। मैं शुरू से बीजेपी के साथ जुड़ा हूं। जब से वोट डाल रहा हूं, तब से बीजेपी के साथ जुड़ा हुआ हूं। मैं शुरू से मोदी जी का आशिक हूं। ऑटो ड्राइवर विक्रम ने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि इतनी राजनीति होगी। उन्होंने कहा, मैंने तो उन्हें आम नागरिक की तरह डिनर पर बुलाया था। मुझे नहीं पता था, वो इसपर वह इतनी राजनीति करेंगे। खाना खाने के बाद से आप का कोई मेंबर नहीं दिखा। हम मोदी साहब के आशिक हैं और हमेशा उन्हें ही वोट जाता है।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

**"रूप" "मिसरा" "कचरा" "गजल"**

क्यों गजलों का रूप बिगाड़ा,हर मिसरा है सूना-सूना,
इससे तो अच्छा है कचरा, हर मिसरा है सूना-सूना।
काले धन से गजल की तुमने पुस्तक भी छपवा ली,
जिसको पढ़ने वाला कहता, हर मिसरा है सूना-सूना।

# खतौली व सदर तहसील के युवाओं ने दिखाया भर्ती में दम

**मुजफ्फरनगर, 06 अक्टूबर (बु.)।** अग्निवीर सेना भर्ती रैली में किस्मत आजमाने को गुरूवार को मुजफ्फरनगर की सदर व खतौली तहसील के युवाओं ने पूरे जोश के साथ ट्रैक पर दमखम के साथ अग्नि परीक्षा में सफलता की खातिर दौड़ लगाई। हालांकि इस बीच तमाम उम्मीदों के बाद मुजफ्फरनगर के युवाओं की इस बीच में कम भागीदारी चिंता का कारण रही। सेना अधिकारियों की ओर से जारी आंकड़ों में आज मुजफ्फरनगर की सदर व खतौली तहसील के कुल पंजीकृत 9 हजार अभ्यर्थियों में से मात्र 65 प्रतिशत युवाओं ने ही सेना भर्ती में प्रतिभाग किया। इस बीच चौ. चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में इन तहसीलों के युवाओं ने पूरे दमखम के साथ 1600 मीटर दौड़ में जोश व उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। सेना अधिकारियों के अनुसार गुरूवार सुबह करीब 6 बजे दौड़ शुरू की गई। दौड़ में पास हुए इन युवाओं को नुमाईश मैदान में शारीरिक दक्षता परीक्षण कराया गया। अग्निवीर सेना भर्ती रैली के लिए गुरूवार को मुजफ्फरनगर जिले की सदर व खतौली तहसील से करीब 9 हजार युवाओं ने पूर्व में रजिस्ट्रेशन कराने के बाद करीब 65 प्रतिशत युवाओं ने दौड़ की शुरू प्रक्रिया में प्रतिभाग किया। अग्निवीर बनने के लिए इन तमाम युवाओं की रात्रि में लाइन लग गई थी, जिसमें इन युवाओं की नुमाईश मैदान में लाइन लगने के बाद सेना अधिकारियों के द्वारा युवाओं के प्रमाण पत्र आदि चेक किए जाने के बाद मैदान में प्रवेश दिलाया गया। दौड़ शुरू होने से पहले युवाओं की नापतौल की गई, इसमें कम हाइट के युवाओं को जहां मैदान से बाहर निकाल दिया। वहीं शेष युवाओं को सेना के अधिकारियों ने चौ. चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में दौड़ के लिए भेजा। यहां सुबह करीब 6 बजे सेना द्वारा दौड़ शुरू होकर करीब एक बजे तक युवाओं की दौड़ प्रक्रिया जारी रही। दौड़ प्रक्रिया में काफी युवा फेल हुए हैं। जिन्हें बाद में स्पोर्ट्स स्टेडियम से बाहर भेज दिया गया।

उधर, दौड़ में पास हुए युवाओं को शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए नुमाईश मैदान में भेजा गया। यहां पर सेना के द्वारा इन युवाओं का शारीरिक दक्षता परीक्षण कराया। अग्निवीर सेना भर्ती प्रक्रिया में शुक्रवार को मुजफ्फरनगर जनपद की जानसठ व बुढ़ाना तहसील के युवाओं की क्षमता की अग्नि परीक्षा होगी।





# नई मंडी रामलीला द्वारा सी-बाजार में श्रीराम व भरत मिलाप हुआ मंचन

**मुजफ्फरनगर, 06 अक्टूबर (बु.)।** नगर नई मंडी श्री रामलीला भवन में हो रही श्रीराम लीला में भगवान श्री राम द्वारा रावण का वध करने के पश्चात भगवान श्री राम की विजय यात्रा और हनुमान जी भी रथ पर सवार रहे विजय यात्रा अयोध्या जाने के लिए नई मंडी के मुख्य मार्गो से होते हुए निकली जहां भगवान श्रीराम के भाई भरत 14 वर्षो से इंतजार कर रहे थे। भगवान श्री राम भरत के मिलाप का कार्यक्रम अरविन्द भारद्वाज और वशिष्ठ भारद्वाज के आवास पर हुआ जहां मुख्य अतिथि के रूप में उद्यमी भीम कंसल ने भगवान श्रीराम की आरती व तिलक कर भोग लगाया। यात्रा में भगवान श्री राम की आरती करने व भोग लगाने का कार्यक्रम देर रात्रि तक जारी रहा। विजय यात्रा में मुख्य रूप से कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल, मंत्री अशोक गर्ग, कोषाध्यक्ष आदित्य भरतिया, ब्रज गोपाल झारिया, राजीव अग्रवाल, अभिषेक कुच्छल, विवेक गर्ग, विदित गुप्ता, उपेंद्र मित्तल, डॉ. प्रदीप जैन, रवि गोयल, आशुतोष शर्मा, मोहनलाल, शरद गोयल, कुलदीप शर्मा, सलेकचंद, अतुल जैन आदि मौजूद रहे।



# प्रतियोगिता में दिशा कश्यप ने जीती साईकिल

**जानसठ, 6 अक्टूबर (बु.)।** दशहरा मेला मैदान पर गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामायण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कॉल 210 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मंगलवार को प्राचीन रामलीला समिति के दशहरा मैदान पर दशहरे का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 210 प्रतिभागियों ने भाग लिया प्रतियोगिता में कुल 6 विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार एक रेंजर साइकिल दिशा कश्यप को समाजसेवी अश्वनी चौधरी ने भेंट की, द्वितीय पुरस्कार की विजेता काव्या सैनी रही, उनको यह पुरस्कार नगर पंचायत अध्यक्ष प्रवेंद्र बढ़ाना में भेंट किया, तीसरे पुरस्कार के विजेता प्रज्ञा सैनी रही सुनील कश्यप और रामधारी कश्यप ने संयुक्त रूप से उनको एक तूफान पंखा भेंट किया, चतुर्थ पुरस्कार की विजेता नंदिनी रही उनको यह पुरस्कार समाजसेवी अमित सैनी ने भेंट किया, पांचवा पुरस्कार के विजेता अंकुश रहे। छठें पुरस्कार के विजेता आरव रहे उनको यह पुरस्कार ग्राम सलारपुर के प्रधान राजू धीमान आर अमित कुमार शर्मा ने दिया। प्रतियोगिता में ड्रा के माध्यम से विजेता बने बच्चों के चेहरे खिल उठे। प्रतियोगिता कमेटी के संचालक गौरव मास्टर जी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष दशहरा मैदान पर रामायण संबंधित ज्ञान देने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है और ड्रा के माध्यम से विजेताओं को पुरस्कृत किया जाता है। इस दौरान अमित कुमार शर्मा उमाशंकर निशांत कांबोज सोनू कुमार गुर्जर दीपक शर्मा राहुल रिंकू राजपूत सहित कमेटी के सदस्य और कलाकार मौजूद रहे।

# पटेलनगर में रावण दहन के बाद निकली विजय शोभायात्रा

-भरत मिलाप के साथ ही हुआ चारों भाईयों का मिलन, अयोध्या लौटे, हुआ जोरदार स्वागत

**मुजफ्फरनगर, 6 अक्टूबर (बु.)।** श्री आदर्श रामलीला कमैटी पटेलनगर की ओर से आयोजित की गई श्रीरामलीला में दशहरा पर्व पर रावण दहन के बाद श्रद्धालुओं में भारी उत्साह एवं खुशी देखने को मिली। इसके बाद श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण की विजयी शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के गगनभेदी नारे लगाये। बाद में भरत मिलाप साथ ही चारों भाईयों का मिलन हुआ और वे खुशी-खुशी अयोध्या पहुंचे, जहां भगवान श्रीराम का आज राजतिलक होगा। इससे पूर्व शोभा यात्रा ने मनीष कपूर मीनू पेपर वाले व अनिल गोयल के निवास स्थान पर विश्राम किया, जहां पर शोभा यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया और विशेष आरती हुई। श्री आदर्श रामलीला कमैटी पटेलनगर की ओर से आयोजित की गई श्रीरामलीला ने दर्शकों का मन जीत लिया। गत दिवस दशहरा पर्व पर रावण, कुम्भकरण एवं मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। पुतलों के दहन के दौरान दर्शकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। पुतला दहन के बाद श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण की रथ पर सवार भव्य विजयी शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा रामलीला ग्राउंड से शुरू होकर पटेलनगर, मुनीम कालोनी, गऊशाला रोड, वकील रोड, नई बस्ती होते हुए वापस पटेलनगर आकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा के दौरान दर्शकों में विशेष उत्साह देखने को मिला और उन्होंने जय श्रीराम के गगनभेदी नारे लगाये। इसके बाद भगवान श्रीराम का 14 वर्ष का वनवास समाप्त हुआ और वे कुटिया में भगवान श्रीराम की चरण पादुका लेकर राज्य चला रहे छोटे भरत से मिले, जहां पर चारों भाईयों का मिलान हुआ। उसके बाद चारों भाई खुशी-खुशी अयोध्या पहुंचे, जहां भगवान श्रीराम का राजतिलक हुआ। इस अवसर पर श्री आदर्श रामलीला कमैटी पटेलनगर के प्रबंधक अनिल ऐरन और संयोजक सभासद विकल्प जैन ने कहा कि पिछले 47 वर्षो से पटेलनगर में लगातार रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने रामलीला में किरदार निभाने वाले सभी विद्यार्थियों एवं युवाओं की जमकर प्रशंसा की तथा उनसे आगे भी इसी तरह के सहयोग की कामना की। इस अवसर पर श्री आदर्श रामलीला कमैटी पटेलनगर के संरक्षक एवं प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने कहा कि पटेलनगर में आयोजित की गई रामलीला के दौरान उन्हें सभी का भरपूर प्यार और सहयोग मिला, उसके लिये वे सभी के आभारी हैं। शुक्रवार को सभी भगवान स्वरूपों का हरिद्वार गंगा स्नान करने के बाद माता चंडी देवी मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही रामलीला मंचन का पूर्ण समापन हो जायेगा। इस अवसर पर श्री आदर्श रामलीला कमैटी पटेलनगर के प्रबंधक अनिल ऐरन, संयोजक विकल्प जैन, गोपाल चौधरी ठेकेदार, प्रदीप गुप्ता, सुरेन्द्र मंगल, अमित भारद्वाज, पंकज शर्मा, गोविंद शर्मा, नारायण ऐरन, पीयूष शर्मा, अंशुल गुप्ता, पंकज शर्मा, विजय मित्तल, जितेन्द्र कुच्छल, आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

# साइबर अपराधों से बचने के लिए दी उपयोगी टिप्स

**मुजफ्फरनगर, 6 अक्टूबर (बु.)।** पुलिस अधीक्षक नगर अर्पित विजयवर्गीय ने साइबर जागरुकता दिवस पर जिले के नागरिकों को साइबर स्मार्ट बनाने के लिए उपयोगी टिप्स देते हुए कहा कि जरा सी सावधानी से साइबर अपराध का शिकार होने से बचा जा सकता है। जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर अर्पित विजयवर्गीय द्वारा थाना क्षेत्र नई मण्डी में स्थित श्रीराम कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं कॉलेज स्टाफ को साइबर अपराधों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उनसे बचाव की टिप्स दीं। उन्होंने बताया कि इंटरनेट और स्मार्टफोन का उपयोग लगातार बढ़ने के साथ साथ डिजिटल पेमेंट्स और सोशल मीडिया का उपयोग पहले की तुलना में काफी ज्यादा है। इसके अलावा कोविड की वजह से भी ऑनलाइन कॉमर्स, ऑनलाइन मीटिंग्स, ऑनलाइन खरीदी, ऑनलाइन क्लासेस जैसी गतिविधियाँ बढ़ने से लगभग सभी लोग डिजिटल पेमेंट्स और सोशल मीडिया का उपयोग करने लगे हैं और इन सबके साथ साइबर फ्रॉड करने वालों को भी नए नए अवसर मिलने लगे हैं। किसी भी व्यक्ति की जरा सी लापरवाही से साइबर क्रिमिनल उनका फायदा उठाते हुए फ्रॉड करने में कामयाब हो जाते हैं। सिम ब्लॉक होने, क्रेडिट कार्ड बंद होने या बिजली बिल पेंडिंग होने से बिजली कटने के नाम से आपसे पर्सनल डिटेल्स लेकर या लिंक भेजकर आपके बैंक अकाउंट की जानकारी लेकर फ्रॉड कर लेते हैं। कभी आपको झाँसे में लेकर आपके फोन में रिमोट ऐक्सेस ऐप डाउनलोड कराकर आपका फोन हैक कर लेते हैं। ऐसे फ्रॉड से आपकी मेहनत की कमाई झटके में आसानी से साइबर क्रिमिनल हड़प जाते हैं। इनसे बचाव का सबसे कारगर उपाय हैं इन विषयों को लेकर जागरूकता एवं थोड़ी सी सावधानी। उन्होंने लोगों को सचेत किया कि अनजान लिंक अथवा वेबसाइट पर क्लिक न करें न ही अपना वॉलेट/अकाउंट पासवर्ड किसी के साथ शेयर करें, समय-समय पर पासवर्ड को बदलते रहें। सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका सुरक्षित प्रयोग करे, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म (फेसबुक, व्हाट्सअप व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म) पर अज्ञात व्यक्तियों की रिक्वेस्ट स्वीकार करने से पहले अच्छी तरह से जानकारी कर लें। यदि साइबर फॉड या अपराध होता है तो तत्काल इसकी जानकारी मुजफ्फरनगर साइबर सेल के हेल्पलाइन नंबर 9454401617 पर दें अथवा राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत भेज सकते हैं। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अपराध प्रशान्त कुमार प्रसाद, क्षेत्राधिकारी नई मण्डी हिमांशू गौरव व साइबर क्राइम टीम मुजफ्फरनगर के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।








## खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. इलाहाबाद बोर्ड की संस्थागत हाईस्कूल की मुख्य परीक्षा वर्ष 2011, अनुक्रमांक 0618827 की अंकतालिका वास्तव में कहीं खो गयी है।

**सोहराब अली**
**पुत्र मो. गुलफाम**
निवासी : 855/136, मुस्तफाबाद कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी लड़की रूपा को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज दिनांक 06/10/2022 से मेरा व मेरे परिवार का रूपा से कोई मतलब वास्ता या सम्बन्ध नहीं रहा है।

**इन्द्रपाल**
**पुत्र श्री घसीटू सिंह**
निवासी : रामपुरी, थाना कोतवाली नगर, जिला मुजफ्फरनगर

# बुलेटिन स्वर्ण जंयती कार्यक्रम में उपस्थित हुए कुछ गणमान्य नागरिकों के मनोहारी दृश्य।






# राजतिलक के साथ ही शाहपुर में रामलीला का भव्य समापन

-कमेटी के मैराथन प्रयास से ऐतिहासिक बना आयोजन -पुलिस प्रशासन ,नगर पंचायत, कलाकारों का आभार व्यक्त

**शाहपुर 06 अक्टूबर बु।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के राजतिलक के साथ ही शाहपुर में पिछले एक पखवाड़े से चल रहे सभी रामलीला महोत्सव का रात्रि में भव्य समापन हो गया। इस अवसर पर अपने मैराथन प्रयास से इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने में सहयोग देने वाले कमेटी के समस्त कार्यकताओं चित्रकूट धाम के कलाकारों पुलिस प्रशासन एवं नगर पंचायत के साथ-साथ बीज गोदाम के अधिकारियों तथा मेन बाजार के व्यापारियों का हृदय से आभार ज्ञापित किया गया। बेहतरीन रामलीला का मंचन करने वाले कलाकारों को पारितोषिक भेंट कर सम्मानित किया गया। नगर के मेन बाजार स्थित श्री रामलीला मैदान में श्री आदर्श रामलीला कमेटी रजिस्टर्ड के नेतृत्व में आयोजित श्री रामलीला महोत्सव में इस बार विभिन्न वर्षो की तुलना में अधिकतम दर्शकगण भगवान राम के पावनतम चरित्र का प्रदर्शन देखने पहुंचे। इस बार चित्रकूट धाम की पंडित जमुना प्रसाद शुक्ल की प्रसिद्ध कलाकार मंडली ने अपने अभिनय की अमिट छाप छोड़ी। रात्रि में रंगमंच पर 14 बरस के वनवास के बाद अयोध्या वापस लौटे भगवान राम लक्ष्मण एवं जानकी के भव्य स्वागत एवं भरत मिलाप का मंचन हुआ। इसके पश्चात मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का राजतिलक किया गया। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के राजतिलक में बतौर मुख्य अतिथि शाहपुर नगर पंचायत से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार श्यामलाल बच्ची सैनी रहे उन्होंने भी भगवान श्री राम का राजतिलक किया। इस मौके पर श्री आदर्श रामलीला कमेटी के मुख्य संरक्षक श्याम पाल भाई जी एवं स्टेज मंत्री मणिकांत मित्तल ने इस ऐतिहासिक कार्य को सफल बनाने में सहयोग देने पर थाना प्रभारी राधेश्याम यादव सहित समस्त स्टाफ नगर पंचायत अध्यक्ष परमेश सैनी सहित सफाई नायक राजीव मेहरा विद्युत विभाग के अवर अभियंता शिवकुमार नगर के मेन बाजार स्थित रामलीला मैदान के समस्त व्यापारियों एवं फल एवं सब्जी विक्रेताओं एवं चित्रकूट धाम की कलाकार मंडली का आभार व्यक्त किया। कमेटी के अध्यक्ष सुनील मित्तल ने जुटे कमेटी के तमाम पदाधिकारियों एवं पर्दे के पीछे रहकर रामलीला कमेटी का अभिन्न अंग कहे जाने वाले कमेटी के समस्त कार्यकताओं की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। श्री आदर्श रामलीला कमैटी के मुख्य संरक्षक श्यामपाल सिंघल भाई जी, अध्यक्ष सुनील मित्तल, प्रबंधक बालेश सिंघल, स्टेज मंत्री मणिकांत मित्तल, अरूण मित्तल, सचिन सिंघल, अनिल बंसल आढ़ती, भंवरपाल कश्यप, प्रवेश गोयल, सुखपाल सैनी, नीरज कर्णवाल(गोल्डी), मनोज अग्रवाल, राजकुमार कोरी, शिवम सिंघल, प्रमोद गर्ग, अमन मित्तल, कुंज मित्तल, विशाल कर्णवाल, प्रमोद कर्णवाल, अंकित सिंघल, अक्षय गोयल, निशांत शर्मा, मोहित बंसल, पवन सक्सेना, अजय बंसल आदि भगवान श्री राम के राजतिलक मे शामिल रहे। एक पखवाड़े तक चले भव्य रामलीला महोत्सव का विधिवत समापन हो गया।

## क्रांति सेना में शामिल हुए भाकियू क्रांति के पदाधिकारी

**मुजफ्फरनगर, 06 अक्टूबर (बु.)।** क्रांति सेना की नीतियों से प्रभावित होकर चरथावल क्षेत्र के भारतीय किसान यूनियन क्रांति जिलाध्यक्ष विकास राज ने अपने दर्जनों साथियों के साथ क्रांतिसेना में शामिल होने की घोषणा की। पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा व मंडल अध्यक्ष अमित अग्रवाल बंटी ने पटका पहनाकर उन्हें क्रांति सेना की सदस्यता दिलाई। संस्थापक अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने कहा कि जनपद में एकमात्र कट्टर हिन्दूवादी क्रान्ति सेना ही ऐसा सगठन है जो किसी भी राजनीतिक पार्टी का पिछलग्गु नहीं है जो हिन्दूवादी एवं जनहित के मुद्दों पर किसी भी सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंदी से उठाता है। सहारनपुर मंडल अध्यक्ष अमित अग्रवाल बंटी, जिलाध्यक्ष आनन्द प्रकाश गोयल ने कहा कि आज की मौजूदा सरकार हिन्दूवादी नीतियों एवं जनहित के मुद्दों से भटक गयी है जिस कारण हिन्दू वीरों की भावना आहत हो रही है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने अपना रवैया नहीं पलटा तो वो दिन दूर नहीं जब सरकार को हिन्दू विरोधी कार्य करने का खामियाजा भी भुगतना पड़ेगा। इस दौरान नगर अध्यक्ष शरद कपूर ने दीपचंद सैनी, श्रवण कश्यप, मोतीराम, संदीप सैनी, भारत कश्यप, गुरूवचन कश्यप, परविन्द्र सैनी, धर्मनाथ महाजन, अजय आदि को पटका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में क्रान्ति सेना के जितेन्द्र गोस्वामी, ललित रोहेला, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, आलोक अग्रवाल, राजेन्द्र तायल, अजय सैनी, अमित आदि उपस्थित रहे।

# उद्योगपति अंकित बिन्दल ने की डायबिटिक क्लीनिक की स्थापना





**मुजफ्फरनगर, 6 अक्टूबर (बु.)।** प्रसिद्ध उद्योगपति अंकित बिन्दल ने अपने स्वर्गीय पिता की स्मृति में डायबिटिक क्लीनिक की स्थापना की। इस चिकित्सालय का शुभारंभ उनकी माता निरूपा रानी ने किया। अंकित बिंदल अपने पुराने आवास 47 साउथ भोपा रोड अपने पिता की स्मृति में स्व. श्रवण कुमार अग्रवाल चेरिटेबल डायबिटिक क्लीनिक की स्थापना की। इस अवसर पर क्लीनिक का उद्घाटन उनकी माता श्रीमती निरूपा रानी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिले के कई उद्योगपति, नेता और समाजसेवी उपस्थित रहे। इस डायबिटिक क्लीनिक पर एमडी फिजीशियन डॉ. आशुतोष शर्मा प्रतिदिन सवेरे 9.30 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक चिकित्सा परामर्श देंगे। रविवार को अवकाश रहेगा। अंकित बिन्दल ने लायंस क्लब मुजफ्फरनगर दिव्य के सदस्यों सहित अन्य सहयोगियों का आभार जताया। इस कहा कि इस तरह के आयोजन समय-समय पर होने चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राकेश बिन्दल, अमित बिन्दल, मयंक बिन्दल, वंदित बिन्दल, शौर्य बिन्दल, रामी बिन्दल, अनिल बिन्दल, भाजपा नेता राहुल गोयल, अमरीश कुमार अग्रवाल, गिरीश कुमार अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, विवेक कुच्छल, अलका कुच्छल, अनिल लोहिया, सुनील कुमार जैन, शिवम जैन, जितेन्द्र जैन टोनी, सत्यप्रकाश मित्तल, आईआईए चेयरमैन विपुल भटनागर, गोपाल बंसल, नंद गोपाल बंसल, अनुज गुप्ता, संजय काक्का, अमित अग्रवाल, मोहन भारद्वाज, राकेश सिंघल आदि मौजूद रहे।

# किसान मसीहा ने ही दिलाया किसानों को सम्मान

-भाकियू अ. ने मनाई सम्मान दिवस के रूप में 87वीं जयंती

**मुजफ्फरनगर, 06 अक्टूबर (बु.)।** आवास विकास कॉलोनी में भाकियू अराजनैतिक की ओर से आयोजित महात्मा महेंद्र सिंह टिकैत के 87 वें जन्मदिवस पर सैंकड़ों लोगों ने अपने मसीहा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। इस अवसर पर किसानों ने संकल्प लिया कि बाबा टिकैत जी के रास्ते पर चलते हुए किसानों के लिए संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर भाकियू अराजनैतिक के मंडल अध्यक्ष नीरज पहलवान ने कहा कि हमें गर्व है कि हम महात्मा टिकैत के सिपाही हैं, गरीब किसान के अस्तित्व की रक्षा के लिए उनके दिखाए रास्ते पर चलकर किसानों के लिए संघर्षरत हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याएं कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है और किसान आत्महत्या कर रहा है वहीं किसानों को फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है और किसानों पर महंगाई की मार भी पढ़ रही है ऐसे में किसानों को संयुक्त संघर्ष की जरुरत है। भाकियू अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक ने कहा कि आज हम अपने मसीहा को नमन करते हुए संकल्प लेते हैं कि हमेशा टिकैत साहब के दिखाए हुए मार्ग पर चलकर संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि चाहे इस मार्ग पर जो कठिनाई आए, लेकिन हम पीछे हटने वाले नहीं हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ किसान नेता उनके दिखाए हुए मार्ग से पथभ्रष्ट हो गए हैं, उनका उद्देश्य केवल किसान संगठन की आड़ में



राजनीतिक गतिविधियों को संचालित करना है। ऐसे में किसानों को सतर्क रहना होगा और यह देखना होगा कि किसानों की समस्याओं को लेकर कौन संघर्षरत है। उन्होंने कहा कि पूर्व में महात्मा टिकैत ने किसान की ताकत का एहसास कराया दिल्ली के लुटियंस जोन में टिकैत की दहाड़ से देश के हुक्मरान हिल गए, जब टिकैत साहब ने कहा कि इंडिया खबरदार दिल्ली में भारत आया है। उन्होंने कहा कि भारत में आज भी दो हिस्से हैं एक इंडिया जिसमें धनाढ्य और संपन्न वर्ग के लोग रहते हैं और दूसरा भारत जिसमें गांव, गरीब, किसान और मजदूर रहता है। इस दौरान अंकित चौधरी,अक्षय त्यागी, अरविन्द मलिक, बब्बन ठाकुर, कुशवीर सिंह, पवित अहलावत, सुमित गुर्जर, कुलदीप सिरोही, आदित्य बालियान, विपिन त्यागी, सतेंद्र, पियूष पंवार, दिलशाद, हसरत प्रधान, मयंक त्यागी, विजय मलिक, वीरेंद्र, अजय पंडित, संजय पाल, दामोदर सैनी, लोकेश पुंडीर, राजीव नीटू दुल्हेरा, नौशाद बालियान,वसीम खां, राजीव पुंडीर, बाबा राजवीर सिंह, संदीप बालियान,वीरेंद्र वर्मा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## ट्रक ने कार में मारी टक्कर

**मुजफ्फरनगर, 6 अक्टूबर (बु.)।** तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने गाड़ी में टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी और गाड़ी चालक भी घायल हो गया। पीड़ित ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नोएडा के सैक्टर 137 निवासी ज्ञानेन्द्र पंवार ने पुलिस को गयी तहरीर में बताया कि वह अपनी गाड़ी संख्या यूपी16बीए-4470 से आ रहा था, जब वह मंसूरपुर थाना क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल के पास पहुंचा, तो तेज गति से आ रहे एक ट्रक संख्या एचआर65ए-2404 ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी गाड़ी काफी टूट गयी और उसे भी काफी चोटें आयी। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस ने अवैध चाकू के साथ किया गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 6 अक्टूबर (बु.)। चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। शहर कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया जारहा था। चैकिंग के दौरान एक युवक को रोकने का प्रयास किया, तो वह भागने लगा। पुलिस ने आरोपी युवक को दबोच लिया और उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जिशान पुत्र इरफान सैफी निवासी बाग जानकीदास मुजफ्फरनगर बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

## मेले में मारपीट 5 को भेजा जेल

**कांधला, 6 अक्टूबर (बु)।** स्थानीय पुलिस ने बुधवार को विजयदशमी के मेला के दौरान रात के समय मारपीट कर शांति भंग करने के आरोप में रविंद्र पुत्र श्याम सिंह निवासी लाक, राहुल पुत्र जय भगवान, विकास पुत्र जोगिंदर, विनीत पुत्र हरपाल निवासी मखमुलपुर, सहित 5 लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग करने के चलते जेल भेज दिया गया।

## व्यापारी के साथ मारपीट कर लूटपाट, दो घायल

**कांधला, 6 अक्टूबर (बु)।** थाना क्षेत्र में किरयाना व्यापारी के साथ बाइक सवार युवकों ने मारपीट करते हुए लूटपाट की और व्यापारी उसके भतीजे को गंभीर रूप से घायल कर दिया। गांव भारसी निवासी प्रमोद ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि बाइक पर सवार होकर अपने किरायाने की दुकान पर गया था। आरोप है कि उसी समय बाइक पर सवार होकर बिट्टू, भूरा, काकू सहित अन्य लोग दुकान पर पहुंचे और व्यापारी के साथ मारपीट करते हैं लूटपाट की, व्यापारी के द्वारा आरोपी लोगों का विरोध करने पर आरोपी लोगों ने व्यापारी व बीच-बचाव करने आए भतीजे आदित्य के साथ लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, और मौके से फरार हो गए। परिजनों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करा कर उपचार कराया। घटना के संबंध में पीड़ित व्यापारी ने आरोपी लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर पुलिस से मामले में अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई की मांग की है।

# झांसी रानी के टॉयलेट ब्लॉक पर ताला लटका

### व्यस्त इलाके के टॉयलेट पर ताला लगने से दुकानदार परेशान

मुजफ्फरनगर, 6 अक्टूबर (बु.)। नगर पालिका की तमाम व्यवस्थाएं राम भरोसे चल रही हैं। पालिका के मुखिया को पता भी नहीं और झांसी रानी के पीछे बने सार्वजनिक टॉयलेट पर ताला लटक गया। शहर के व्यस्त इलाके के इस टॉयलेट पर ताला लग जाने से लोग परेशान हैं।
नगर में झांसी रानी के पीछे टॉयलेट ब्लॉक बनवाया गया था। पिछले दिनों इस टॉयलेट ब्लॉक की टाइल्स टूटने की खबरें आई थीं। इसके बाद कई दिन से इस टॉयलेट पर ताला लगा दिया गया है। इसके चलते यहां के दुकानदार और राहगीर परेशान हैं। दुकानदारों को तो पता है कि नगर पालिका के गेट पर भी टॉयलेट है, लेकिन आम आदमी जब इस टॉयलेट के लिए जाता है तो वहां ताला लटका देखकर मन मसोस कर रह जाता है। ऐसे में बाहर सड़क पर बनी नाली पर लोगों को हाजत रफा करते हुए देखा जा सकता है। शर्मनाक स्थिति यह है कि सार्वजनिक उपयोग के इस टॉयलेट ब्लॉक पर ताला लटकाने वाले का नाम किसी को नहीं पता है।

### टॉयलेट पर किसने लगाया ताला, ईओ को भी नहीं पता



### ईओ बोले मुझे नहीं पता

मुझे इसके बारे में कुछ पता नहीं है कि किसने वहां ताला लगाया है, वे इसके बारे में पूछेंगे। सार्वजनिक उपयोग की जगह पर इस तरह ताला लगाना गलत है।
**हेमराज सिंह**
अधिशासी अधिकारी



## मेला देख कर लौट रहे परिवार पर हमला, दुराचार का प्रयास

**कांधला, 6 अक्टूबर (बु)।** नगर में विजयदशमी की शोभायात्रा देखकर लौट रही महिला के साथ बाइक सवार लोगों के द्वारा दुराचार का प्रयास किया गया। महिला के द्वारा शोर-शराबा किया जाने पर आरोपी लोगों ने महिला के साथ मारपीट कर मौके से फरार हो गए। घटना के संबंध में पीड़िता महिला ने नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के रेलवे मंडी निवासी महिला सुनीता पत्नी सत्येंद्र अपने परिवार के साथ नगर में आयोजित विजयदशमी की शोभायात्रा देखने के लिए रामलीला मैदान पर गई थी। आरोप है कि महिला अपने बच्चे के साथ रात के समय वापस पैदल अपने घर लौट रही थी, आरोप है कि जब महिला गौशाला मंदिर के निकट पहुंची, तो पीछे से आ रहे बाइक सवार युवकों ने महिला की चोटी पकड़कर बाग में खींच लिया और दुराचार का प्रयास करने लगे, महिला द्वारा शोर-शराबा किए जाने पर आरोपी युवकों ने महिला के साथ पूरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया। महिला की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़ पड़े, जिसके चलते आरोपी अपनी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गए और घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराकर उपचार कराया। घटना के संबंध में पीड़िता महिला ने थाने पहुंचकर आरोपी लोगों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



दूसरी ओर गांव खेड़ा कुर्तान निवासी राजेंद्र ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि अपनी पत्नी सहित परिवार के साथ कस्बे में मेला देखने के लिए आया था, मेला भ्रमण के दौरान कुछ युवकों द्वारा महिला के साथ छेड़छाड़ की गई पति द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपी युवकों ने पति के साथ अभद्रता करते हुए गाली गलौंच व मारपीट की। आरोप है कि पति जब कार में बैठकर अपने गांव वापस लौट रहा था, तो गंगेरू मार के निकट झुण्ड बना कर बैठे आरोपी युवकों ने कार पर लाठी-डंडों से हमला कर कार को क्षतिग्रस्त कर दिया और पीड़ित को कार से खींच कर जमकर मारपीट करते हुए घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एआरटीओ विभाग ने चलाया अभियान, हड़कंप

### आधा दर्जन वाहनों के किए चालान, कई वाहन सीज, वसूला 1.70 लाख का जुर्माना

मुजफ्फरनगर, 06 अक्टूबर (बु.)। कानपुर में ट्रैक्टर-ट्राली में सवारियों के भरे होने के कारण हुए हादसे के बाद से मुख्यमंत्री के निर्देशों के चलते यातायात को लेकर परिवहन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड़ पर है। गुरूवार को इन्हीं तैयारियों के बीच में विभाग ने स्टेट और नेशनल हाइवे पर चैकिंग अभियान चलाते हुए इस दौरान कामर्शियल वाहनों में सवारियों को ढोते हुए कई वाहनों को पकड़ने के साथ नियमों की अनदेखी पर कई वाहनों को सीज किया गया। वहीं एआरटीओ ने चार ओवरलोड ट्रक को सीज किया है। इनसे करीब 1.70 लाख रुपए का जुमार्ना वसूली गया है।

### बोले अधिकारी आगे भी इसी तरह जारी रहेगा अभियान

गुरूवार को एआरटीओ प्रवर्तन आरपी मिश्रा के निर्देशन में विभागीय टीम ने जनपद के सहारनपुर-मुजफ्फरनगर हाईवे, दिल्ली-देहरादून हाईवे के साथ ही भोपा और रुड़की रोड समेत अन्य कई मार्गो पर चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने वाहन चालकों को सुरक्षित यातायात के लिए लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करने के साथ नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की। चैकिंग अभियान के दौरान एआरटीओ प्रवर्तन आरपी मिश्रा ने खासतौर पर ट्रैक्टर-ट्राली, छोटा हाथी, पिकअप जैसे वाहनों की मुख्य रूप से चैकिंग की। इस दौरान टीम ने छोटा हाथी यूपी15एफटी 3748, यूपी15एफटी 7779, डीएल1एलएक्स 5336 और डीलक्स बस आरजे09पीआर 3915 की चैकिंग की। टीम द्वारा छोटा हाथी व पिकअप में नियम विरुद्ध सवारी ढोने का मामला पकड़ा।

एआरटीओ आरपी मिश्रा ने चैकिंग के दौरान 6 कामर्शियल वाहनों में सवारी मिलने पर उनके चालान किये और भारी जुर्माना लगाने के साथ ओवरलोड पर बेहद सख्ती दिखाते हुए चैकिंग के दौरान ओवरलोडिंग में पकड़े गये तीन वाहन सीज किए गए। इसके साथ कई डग्गामार वाहनों के चालान किये।

टीम की उक्त कार्रवाई से हाईवे से संपर्क मार्गो तक हड़कंप मचा रहा। उन्होंने बताया कि कामर्शियल वाहनों को माल ढोने की अनुमति है, वह सवारी नहीं ढो सकते हैं। सवारी ढोने के दौरान हादसे में ज्यादा जनहानि होने का खतरा बढ़ जाता है। इसके लिए सरकार ने रोक लगा दी है। उन्होंने चैकिंग के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और अमूल्य जीवन के लिए कोई भी जोखिम नहीं उठाने की अपील भी की।






डग्गामार वाहनों की चैकिंग करती एआरटीओ प्रवर्तन की टीम।

## मेले में मारपीट का वीडियो वायरल

**कांधला, 6 अक्टूबर (बु)।** बीते बुधवार को देर रात मेला देखने आए तो युवा गुटों के बीच छींटाकशी को लेकर वर्चस्व की जंग छिड़ गई। मामले को लेकर दोनों युवा गुटों का झुंड एक दूसरे पर लाठी-डंडे पेंट लेकर टूट पड़ा। तथा दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों के बीच खूनी संघर्ष को देखकर मेले में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। पुलिस को मामले की सूचना देकर मौके पर बुलाया गया तो आरोपी युवकों का गुट मौके से फरार हो गया लेकिन घटना का वीडियो आमजन के मोबाइल में कैद हो गया, और सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस मारपीट के वायरल वीडियो को चयनित कर आरोपियों की धरपकड़ के लिए जुट गई है।





